राज्यपाल ने राज्य की बेटियों के पर्वतारोहण अभियान दल का स्वागत किया - 03.06.2017

चण्डीगढ़, 3 जून। हरियाणा के राज्यपाल प्रो0 कप्तान सिंह सोलंकी ने आज राजभवन में राज्य की बेटियों के स्वर्ण जयंती पर्वतारोहण अभियान दल का स्वागत किया। यह 29 सदस्यीय दल मनाली क्षेत्र में 5 हजार 289 मीटर उंची चोटी फ्रेंडशिप पीक पर सफल चढाई करने के बाद आज चण्डीगढ लौटा है। इसमें राज्य के सब 22 जिलों के सरकारी स्कूलों की 25 छात्राएं और 4 स्टाफ के सदस्य शामिल हैं। इसे बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के तहत गत 18 मई को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रवाना किया था। राज्यपाल ने आज ही सैनिक स्कूलों के एक अन्य पर्वतारोहण दल को फ्रेंडशिप पीक के लिए रवाना भी किया। इस दल में 18 सैनिक स्कूलों के 40 छात्र और 3 स्टाफ के सदस्य शामिल हैं।

पर्वतारोहण अभियान दलों का राजभवन में स्वागत करते हुए राज्यपाल ने हरियाणा की स्वर्ण जयंती पर पर्वतारोहण अभियानों के आयोजन के लिए सैनिक स्कूल, कंुजपुरा और स्कूल शिक्षा विभाग, हरियाणा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है और पर्वतों को साफ रखने की जागरूकता पैदा होती है। उन्होंने कहा कि ऐसी साहसी बेटियां और बेटे प्रदेश का बुनियादी ढांचा हैं जिसके आधार पर राज्य को और आगे ले जाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने सफल पर्वतारोहण के लिए बेटियों को बधाई दी और पर्वतारोहण के लिए जाने वाले बेटों की सफलता की कामना की। सफल पर्वतारोहण के बाद राजभवन पहंुची छात्राओं में गजब का उत्साह था। जिला हिसार से छात्रा शीतल ने इस अभियान के अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि इसके बाद से हम सबका जीवन ही बदल गया है। दल की सब छात्राओं के बीच ऐसा तालमेल और भाईचारा रहा कि हमें अपने परिवार की याद ही नहीं आई। फरीदाबाद जिला से छात्रा वर्षा ने कहा कि इस अभियान में टीम की जीत से हर सदस्य रोमांचित है। छात्राओं ने हरियाणा की स्वर्ण जयंती पर राज्य के निरन्तर आगे बढने की कामना की और ‘जब तक सूरज चांद रहेगा, हरियाणा का नाम रहेगा’ नारा बार-बार लगाया।

इस अवसर पर सैनिक स्कूल, कुंजपुरा के प्राचार्य कर्नल वाई0 एस0 परमार, सेना मैडल ने स्कूल द्वारा आयोजित की जा रही साहसिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज से शुरू 18 दिनों का नया अभियान 20 जून तक चलेगा। इसमें छात्रों को पर्यावरण, विशेषकर पर्वतों की साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान का आधार शिविर लेडी लेग पर स्थापित किया जाएगा। वहां सब छात्रों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद दल आगे की चढाई करेगा। दल का नेतृत्व सैनिक स्कूल, कुंजपुरा के जे0एस0 गुलिया करेंगे और अनुराग सेमवाल उनकी सहायता करेंगे।

इस अवसर पर सैनिक स्कूल, कुंजपुरा के शिक्षक, शिक्षा विभाग के कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार आदि उपस्थित थे।

Chandigarh, June 3: Haryana Governor Prof. Kaptan Singh Solanki flagged in Haryana Golden Jubilee mountaineering girls team at Haryana Raj Bhavan today. The team arrived at Chandigarh today after successful scaling of the Friendship Peak 5289 Mtr in Manali region of Himachal Pradesh. It is 29 member mountaineering expedition team comprising 25 girls students from 22 districts of Haryana and 04 staff members. The duration of the expedition was of 20 days and it was flagged off by Chief Minister of Haryana on 18th May 2017.

The Governor also flagged off a 43 member mountaineering expedition team comprising 40 students from 18 Sainik Schools and 03 staff members to Friendship Peak 5289 Mtr in Manali region of Himachal Pradesh.

Welcoming the mountaineering teams at Raj Bhavan the Governor praised Sainik School, Kunjpura and School Education Department, Haryana for organizing mountaineering expeditions on the occasion of Golden Jubilee of Haryana State. Such expeditions will also inculcate the spirit of leadership in students and bring about awareness of keeping our mountain clean, he added.

On the occasion Col Y S Parmer, Sena Medal, Principal Sainik School Kunjpura, Karnal provided a brief of adventure activities carried out by the school to inculcate the leadership skills among the students. He apprised the Governor about various adventure activities that formed an integral part of power packed training imparted to the students at Sainik Schools. He also informed that the present expedition to Friendship Peak in Manali region is being led by Sh JS Gulia and duly assisted by Sh Anurag Semwal. The duration of the expedition is 18 days.

Talking about other details the Principal said that the team will spend 3 days at Manali for acclimatization & procurement of stores and equipment. After spending a night at Bakarthach the team will trek on cold and snowy mountain slopes which are devoid of vegetation. The team will establish base camp at Lady Leg. Here the team will be trained in snow & Ice Craft techniques which includes, Glacier walking, Step making, Rescue techniques, Self arrest, Crampon climbing and Fix rope climbing. The students will also be enlightened with mountain hazards, weather forecasting, flora & fauna of the area.

After a weeklong tough training and acclimatization the summit camp will be set up. The approach to the camp is quite steep and glacier to be negotiated is fenced with crevasses. From this assault camp the route to the peak is quite tricky. The snow field is full of hidden and open crevasses. Two ropes will be fixed up to the main ridge. The last stretch is through loose rocks and icy patches. Braving all

these hurdles the climbers will hoist the National Tricolour, Sainik School Society & School Flag on top of the Friendship Peak 5289 Mtrs.